### एक नजर में

## विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित



**इंदौर.** मध्य प्रदेश शासन के स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, इंदौर संभाग, इंदौर डॉ किरण बाला सलूजा ने शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिमरोल में विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए. विद्यार्थियों द्वारा भी सक्रिय सहभागिता करते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया. इस अवसर पर डॉ सलूजा ने विद्यार्थियों को स्कूल में अध्ययन के लिए प्रेरित कर अच्छा नागरिक बनने की सलाह दी.

## केशव उपन्यास का विमोचन




**इंदौर.** पितृ पुण्यतिथि केअवसर पर साहित्य कला मंच की संस्थापक एवं लेखिका डॉ. वंदना मिश्र मोहिनी द्वारा रचित उपन्यास केशव का विमोचन सरोकार सांझा मंच के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में किया गया. डॉ. वंदना मिश्र मोहिनी प्रत्येक वर्ष अपने पिता (ससुर जी) की पुण्यतिथि पर अपनी किसी नई पुस्तक का विमोचन करती हैं. उनका मानना है कि उनके पिता की प्रेरणा और आशीर्वाद के कारण ही वे साहित्य सृजन के इस मुकाम तक पहुँच सकी हैं. कार्यक्रम में लेखिका ने उपन्यास केशव की विषयवस्तु और उसकी रचना-प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह उपन्यास नहीं, बल्कि एक चेतना और जीवंत विचारधारा की कहानी है. केशव का जीवन त्याग, राष्ट्रसेवा और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है. बुद्ध की करुणा, कृष्ण की नीति, शिवाजी की वीरता, भगतसिंह की ज्वाला और अंबेडकर की समता से प्रेरित यह कथा एक युग-पुरुष के व्यक्तित्व और विचारों को सामने लाती है. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ महिमा शुक्ला ( वरिष्ठ साहित्यकार) थी. संचालन कृष्णा जोशी द्वारा किया गया.

## मुद्रा संग्राहक शर्मा को सनातन संस्कृति रत्न अलंकरण



**इंदौर.** महाराष्ट्र के अमरावती स्थित स्व.सोमेश्वर पुसदकर स्मृति सभागृह में रविवार को प्रख्यात संत स्वामी कृष्णकांत महाराज के सानिध्य एवं ब्रह्मकुमारी सीतादेवी के आतिथ्य में इंदौर के प्रख्यात मुद्रा संग्राहक एवं लोकतंत्र सेनानी गिरीश शर्मा आदित्य को राष्ट्रीय सनातन संस्कृति रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम में गिरीश शर्मा सहित देश की चुनिन्दा उन हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया था जिन्होंने कला, साहित्य, संस्कृति एवं अन्य रचनात्मक क्षेत्रों में यशस्वी उपलब्धियां अर्जित की हैं. कगिरीश शर्मा को यह उनके जीवन का 43 वां राष्ट्रीय स्तर का सम्मान है. कार्यक्रम का आयोजन अमरावती के ज्ञान उदय फाउंडेशन, वर्ल्ड सेवन वंडर्स पब्लिकेशन, रेडिएंट टैलेंट बुक ऑफ़ रिकार्ड्स के संयुक्त तत्वावधान में संजोया गया था।

## शिविर में रक्तदान के प्रति किया जागरूक



**इंदौर.** किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाने का अवसर हर किसी को नहीं मिलता, लेकिन रक्तदान एक ऐसा माध्यम है जिसके ज़रिए एक व्यक्ति कई ज़िंदगियों को नई उम्मीद दे सकता है. इसी संदेश के साथ विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सीएचएल ब्लड सेंटर द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. आयोजन का उद्देश्य सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ लोगों को नियमित स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक करना था. आयोजन के दौरान रक्तदाताओं के योगदान को सराहा गया तथा उन्हें नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया. सीएचएल ब्लड सेंटर में आयोजित इस शिविर का नेतृत्व प्रमुख ट्रांसफ्यूजन सर्विसेज डॉ. अरुण महाजन ने किया। सीएचएल ब्लड सेंटर एवं केयर सीएचएल हॉस्पिटल की टीम के सहयोग से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने सहभागिता की. डॉ. महाजन ने कहा रक्तदान मानवता की सेवा का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है. एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान कई मरीजों के उपचार में उपयोगी साबित हो सकता है.

## विद्याधाम पर भागवत पारायण की पूर्णाहुति



**इंदौर.** विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में चल रहे विभिन्न अनुष्ठानों का विराम सौल्लास सम्पन्न हुआ. मंदिर पर 11 विद्वानों द्वारा किए जा रहे भागवत के मूल पारायण की पूर्णाहुति भी सोमवार को दोपहर हुई. महाजन परिवार के सदस्यों ने सभी विद्वानों का स्वागत कर भागवतजी का पूजन किया. यहाँ चल रहे लक्षार्चन आराधना, दीपदान सहित गत 16 मई से चल रहे सभी अनुष्ठानों की पूर्णाहुति में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई. श्रीविद्याधाम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में जहाँ आश्रम की यज्ञशाला में प्रतिदिन 11 यजमान एवं 11 विद्वानों ने लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में आहुतियाँ समर्पित कर राष्ट्र में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की वहीं 11 विद्वानों ने भागवतजी का मूल पारायण भी किया.

# मास्टर प्लान सड़क चौड़ीकरण के बाधक निर्माण हटाए

- जिंसी चौराहा से नेमिनाथ जैन मंदिर तक निगम ने की कार्रवाई
- नागरिकों द्वारा कई मकानों के बाधक हिस्सा स्वयं हटाए



नवभारत न्यूज

**इंदौर. शहर के यातायात को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से मास्टर प्लान सड़कों के निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य निरंतर किए जा रहे हैं. इसी क्रम में मंगलवार नगर निगम द्वारा जिंसी चौराहा से नेमिनाथ जैन मंदिर तक मास्टर प्लान सड़क निर्माण कार्य में बाधक हिस्सों को हटाने के लिए व्यापक कार्रवाई की गई.**

निगम रिमूवल विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण कार्य में अवरोध उत्पन्न कर रहे बाधक निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई. इस दौरान नागरिकों द्वारा कई मकानों के बाधक हिस्सा स्वयं हटाए. जिंसी चौराहा से मल्हारगंज तक सड़क के निर्माण से क्षेत्र में यातायात दबाव कम होगा, जाम की समस्या में राहत मिलेगी. लक्ष्मीबाई बाई प्रतिमा चौराहे से सुभाष मार्ग तथा एमजी रोड आने जाने की राह आसान होगी. रिमूवल कार्रवाई के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगवंकर, भवन अधिकारी, भवन निरीक्षक, रिमूवल सहायक बबलू कल्याणे तथा अन्य निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

# पार्सलों में छुपाकर ले जाई जा रही 2 लाख की शराब पकड़ी

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** द्वारकापुरी पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने पार्सलों के बीच छुपाकर ले जाई जा रही 12 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने मौके से करीब 2 लाख रुपए की शराब और लगभग 27 लाख रुपए कीमत का आईशर ट्रक जब्त किया है. जप्त मशरूका की कीमत करीब 29 लाख रुपए आंकी गई है.

डीसीपी जोन 4 सुनील मेहता ने बताया कि मंगलवार 16 जून को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जीजे 38 टीए 7672 नंबर का आईशर ट्रक फूटी कोठी ब्रिज की ओर से चंदन नगर तरफ आ रहा है, जिसमें पार्सलों के बीच अवैध शराब छुपाकर ले जाई जा रही है. सूचना पर पुलिस ने आस्था हॉस्पिटल के सामने मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी कर ट्रक को रोका और तलाशी ली. तलाशी में पार्सलों के बीच छुपाकर रखी गई शराब की पेटियां मिलीं. पेटियां खोलने पर मैजिक मोमेंट और बेकपाइपर ब्रांड की शराब के क्वार्टर पाए. पुलिस ने मौके से चालक इरफान उम्र 33 साल, निवासी मऊ, जिला प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया. जप्त शराब में 8 पेटी मैजिक मोमेंट और 4 पेटी बेकपाइपर शामिल है, 108 बल्क लीटर शराब बरामद हुई. आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है. पुलिस अब शराब के स्त्रोत और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है.

# पुलिस जनसुनवाई में 109 शिकायतें आईं, कार्रवाई के निर्देश

**इंदौर.** साप्ताहिक जनसुनवाई में मंगलवार को बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की शिकायतों पर गंभीरता से सुनवाई की. पुलिस कमिश्नर ने 109 आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए.

जनसुनवाई में सबसे अधिक मामले पारिवारिक विवादों के सामने आए. बेटा बहू द्वारा परेशान करने, पति पत्नी के बीच प्रताड़ना और आपसी मतभेद के प्रकरण ज्यादा रहे. इसके अलावा पैसों के लेन-देन, आवेदकों के नाम से झूठा लोन निकालने, सैलरी नहीं मिलने, प्लॉट-मकान और जमीन से जुड़ी धोखाधड़ी, फाइनेंशियल फ्रॉड, महिला अपराध और पुलिस स्तर पर सुनवाई नहीं होने की शिकायतें भी बड़ी संख्या में पहुंचीं. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना. कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देकर कार्रवाई शुरू कराई गई, जबकि अन्य प्रकरणों में संबंधित थाना और अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए. दूरभाष के माध्यम से भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

**आमजन को शीघ्र न्याय और राहत दिलाना प्राथमिकता: सीपी:** जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मयंक अवस्थी सहित सभी जोन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं विस्तार से सुनकर कई मामलों में तत्काल कार्रवाई प्रारंभ कराई.

# इंदौर पुलिस के निरीक्षकों पर मुख्यालय की वक्रदृष्टि

- अब पुराने केसों की खुलेंगी फाइलें
- निरीक्षकों की सर्विस हिस्ट्री खंगालने का दिया आदेश
- जांच और आपराधिक रिकॉर्ड किए तलब

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जिले में पदस्थ निरीक्षक अब मुख्यालय के रडार पर आ गए हैं. पुलिस मुख्यालय भोपाल ने शहर, ग्रामीण और जीआरपी समेत विभिन्न इकाइयों में पदस्थ निरीक्षकों के खिलाफ चल रही विभागीय जांच, आपराधिक प्रकरण और दंड की पूरी जानकारी 25 जून तक मांगी है.**

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश के बाद इंदौर पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है. निर्देश दिए गए हैं कि वर्तमान पदस्थापना के साथ साथ पूर्व में जहां जहां निरीक्षक पदस्थ रहे हैं, वहां के भी सभी रिकॉर्ड खंगाले जाएं. जिन अधिकारियों पर विभागीय जांच लंबित है, आपराधिक केस दर्ज रहे हैं या किसी प्रकार का दंड प्रभावशील है, उसकी पूरी जानकारी प्रमाण सहित भेजना अनिवार्य किया गया है. सूत्रों के मुताबिक यह व्यापक जांच लंबे समय से लंबित मामलों और संदिग्ध रिकॉर्ड वाले अधिकारियों की स्क्रीनिंग के लिए की जा रही है. रिपोर्ट के आधार पर आगे विभागीय कार्रवाई, तबादले या अन्य सख्त कदम उठाए जाने की संभावना भी जताई जा रही है.

### इनकी खंगाली जा रही सर्विस हिस्ट्री

इंदौर शहर में पदस्थ निरीक्षकों में गोपाल सूर्यवंशी, संतोष कुमार दुधी, मनीष मिश्रा, अनिल कुमार यादव, संजू कामले, सोमलता मलिक, सविता चौधरी, नवीन कुमार जैन, अर्चना नागर, इन्द्रमणी पटेल, तारेश कुमार सोनी, सुजीत श्रीवास्तव, गायत्री सोनी, आरती चराटे, अर्चना जाट/सिंह, उमेश प्रताप सिंह, कृष्णदेव सिंह कुशवाह, अजय राजौरिया, रूपेश कुमार दुबे, अरविंद कुमार चौबे, ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, राजेश चंद्र मिश्रा, बलवीर सिंह गौर, रविन्द्र यादव, मनीष राज सिंह भदौरिया, यशवंत गोयल, सुनील गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, प्रदीप वाल्टर, सविता चौधरी, प्रीति भार्गव, अमित भदौरिया, उदयभान सिंह यादव, नरेन्द्र वर्मा, कन्हैया सिंह बघेल, सिद्धार्थ प्रियदर्शन, धनीराम बरकड़े, शिवचरण टेकाम, जोधन सिंह परस्ते, सुनीता कटारा, सीताराम चौहान, पार्वती गौर, रमेश चंद्र भास्करे, जगदीश जामरे, भूरालाल भवर, कमलेश सिंगार सहित अन्य निरीक्षक शामिल हैं. वहीं इंदौर ग्रामीण में पदस्थ निरीक्षकों में विनय आर्य, दीपक खत्री, कर्णीसिंह शक्तावत, राहुल शर्मा, अनिल कुमार पटेल सहित अन्य नाम शामिल हैं. वहीं जीआरपी इंदौर में भी निरीक्षकों की जानकारी मांगी गई है.

# महापौर व निगमायुक्त द्वारा जनकल्याण शिविर का शुभारंभ




**इंदौर.** विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय स्तर पर तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा झोन क्रमांक 04 संगम नगर जोनल कार्यालय पर आयोजित जल कल्याणकारी शिविर का शुभारंभ किया गया.

इस दौरान महापौर परिषद सदस्य अश्विनी शुक्ल, सचेतक कमल वाघेला, पार्षद पराग कौशल, शिवम यादव, महापौर प्रतिनिधि शैलू दवे, अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे, झोनल अधिकारी आनंद रैदास एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को मिले इस हेतु जोनवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत एक छत के नीचे शासन की 110 से अधिक योजनाओं का लाभ झोन पर आयोजित शिविर के माध्यम से किया जा रहा है. अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे ने बताया कि जनकल्याण शिविरों का आयोजन 17 जून को जोन क्रमांक 9 से 15 तक के जोन कार्यालयों पर और 18 जून को जोन क्रमांक 16 से 22 तक के जोन कार्यालयों पर किया जाएगा. उन्होंने बताया कि शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा 110 संचालित योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को आवेदन, पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन एवं सेवा वितरण जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

# महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व संध्या पर दीपदान-आतिशबाजी

### आज निकलेगी शोभायात्रा



**इंदौर. अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा इंदौर एवं राजपूत समाज के विभिन्न संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं एवं महाराजा छत्रसाल की 377वीं जयंती मंगलवार को पूरे उत्साह और गौरव के साथ मनाई जा रही है.**

नगर अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह सोलंकी, युवा अध्यक्ष पप्पू ठाकुर और गोविंद सिंह परिहार ने बताया कि वीर योद्धाओं की जयंती की पूर्व संध्या पर महू नाका स्थित महाराणा प्रताप चौराहा पर वीर शिरोमणि की प्रतिमा स्थल पर दीप जलाकर प्रतिमा को रोशनी से सजाया गया. इसके बाद भव्य आतिशबाजी की गई और लड्डुओं का वितरण किया गया. इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय सिंह परिहार, राजेंद्र सिंह सोलंकी, सुरेश सिंह भदौरिया, संभाग के तुलसीराम रघुवंशी, गोविंद सिंह परिहार, राहुल सिंह जादौन, नवनीत सिंह सिसोदिया सहित महासभा के पदाधिकारी शामिल हुए. 17 जून को प्रात: 9 बजे महू नाका स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक एवं माल्यार्पण किया जाएगा. इसके बाद बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहा स्थित महाराजा छत्रसाल प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए जायेंगे.

# स्वैच्छिक रक्तदान ही जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम : जिला न्यायाधीश

- विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तवीरों का सम्मान




**इंदौर. विश्व रक्तदाता दिवस पर तहसील विधिक सेवा समिति, देपालपुर के तत्वावधान में एक विशेष सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में रक्तदान के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि रक्तदान केवल एक चिकित्सकीय आवश्यकता नहीं है, बल्कि मानवता, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व का सर्वोच्च प्रतीक है. रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं है, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदान ही जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है. समाज के प्रत्येक स्वस्थ नागरिक को नियमित रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी भी मरीज को रक्त के अभाव में कठिनाई का सामना न करना पड़े. उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे रक्तदान को जन-आंदोलन बनाकर मानव सेवा के इस महायज्ञ में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें. इस अवसर पर समिति द्वारा समाज में उत्कृष्ट रक्तदान सेवाएं प्रदान करने वाले रक्त मित्र दौलत नागर एडवोकेट, देपालपुर सर्विस हेल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष मोइनुद्दीन, रक्त सेवा संघ गौतमपुरा के राहुल बैरागी एवं राहुल तंवर तथा अब तक 50 से अधिक बार रक्तदान कर चुके नितिन जैन (इंस्पेक्टर, सीजीएसटी) को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया.

सम्मानित रक्तदाताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम को अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष दिलीप डाबी, एडवोकेट योगेंद्र यादव तथा एडीपीओ विक्रम राव बेन ने भी संबोधित किया. संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता चेतन हार्डिया ने किया. आभार अधिवक्ता पवन जोशी ने माना. कार्यक्रम में सीनियर सिविल जज रिजवाना कौसर, दिव्या श्रीवास्तव, अधिवक्ता चिंतामन बाथम, सचिन बैरागी, युवराज धाकड़, प्रमोद तिवारी, चंद्रेश यादव, रिजवान मंसूरी, निलेश सोलंकी, जितेंद्र परिहार, जितेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन स्टाफ उपस्थित रहे.

# रेलवे लाइन के खिलाफ किसानों का आंदोलन आज



**इंदौर.** इंदौर- बुधनी रेलवे लाइन से प्रभावित किसान बुधवार सुबह 10 बजे सांवेर क्षेत्र के ग्राम कदवाली खुर्द स्थित प्रस्तावित रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन करेंगे. किसानों ने अधिकारियों की अनदेखी पर रेल रोको आंदोलन की भी चेतावनी दी है.

इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन संघर्ष समिति के हंसराज मंडलोई ने बताया कि ठेकेदार की मनमानी और किसानों की मांगों की अनदेखी के विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है. इंदौर से बुधनी तक प्रभावित किसान बड़ी संख्या में मौके पर जुटेंगे और विरोध दर्ज कराएंगे. किसानों में मंत्री के खिलाफ भी आक्रोश देखा जा रहा है. प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की तैयारी है. किसान नेताओं ने साफ कहा है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो रेलवे लाइन का काम रुकवाया जाएगा. प्रभावित किसानों की प्रमुख मांगों में जमीन का बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा, रेलवे लाइन के दोनों ओर पक्की डामर सड़क का निर्माण और पाइपलाइन को रेलवे विभाग द्वारा अपने खर्च पर हटाने की मांग शामिल है. किसान नेताओं ने सभी प्रभावित किसानों से आंदोलन में शामिल होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की अपील की है.




# बैंकों की जनहितकारी भूमिकाओं को मजबूत बनाएं

**इंदौर.** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी समन्वय समिति का 11वां त्रैवार्षिक सम्मेलन बैंक, ग्राहकों एवं आर्थिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चाओं एवं सुझावों के साथ संपन्न हुआ.

बढ़ती हुई मंहगाई के परिप्रेक्ष्य में बैंकों में जमा राशि पर ब्याज दरें बढ़ाए जाने, साइबर सुरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने, ग्राहक सेवा में सुधार हेतु पर्याप्त भर्ती किए जाने, बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू किए जाने सहित कई मुद्दों प्रस्ताव केंद्र शासन एवं बैंक प्रबंधनों को भेजने का निर्णय लिया गया. अध्यक्षता आलोक खरे ने की. महासचिव संजय मेहता ने कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत की. वर्षा पाठक, एचएल वर्मा, सुबोध भौरास्कर, जेपी चोयल, एस जयशंकर ने चर्चाओं में भाग लिया. अशोक सिसौदिया, बीएस नामदेव, अशोक खाड़े, प्रदीप तिवारी ने वरिष्ठ पदाधिकारियों का सम्मान किया. सत्येंद्र बिंदल ने आभार माना.

### एक नजर में

**ब्रिक्स सम्मेलन ड्यूटी, यातायात प्रबंधन और अपराध नियंत्रण में बेहतर काम करने वाले सम्मानित**

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 48 पुलिसकर्मियों को किया पुरस्कृत



नव भारत न्यूज

**इंदौर. साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के तहत शहर के 48 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया. सभी को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर उनके कार्यों की सराहना की गई.**

कार्यक्रम पलासिया स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुआ, जहां पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर आगे भी बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया. इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मियों में वे टीमें शामिल रहीं, जिन्होंने शहर में आयोजित ब्रिक्स कृषि सम्मेलन-2026 के दौरान सुरक्षा, यातायात, पेट्रोलिंग और एरिया डॉमिनेशन की जिम्मेदारी बेहतर तरीके से निभाई. एयरपोर्ट रिसेप्शन, होटल शेरेटन और मेरियट में सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाली टीमों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया. इसके अलावा यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया. एमआर-10 और लवकुश चौराहे पर उत्कृष्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट करने वाले पुलिसकर्मियों की सराहना की गई.

### भंवरकुआं क्षेत्र की बड़ी चोरी का खुलासा करने वाली टीम भी पुरस्कृत

भंवरकुआं क्षेत्र में दर्ज चोरी के प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार कर 33 मोबाइल, एक लैपटॉप समेत करीब 50 लाख रुपए का माल जब्त करने वाली टीम को सम्मानित किया. वहीं द्वारकापुरी क्षेत्र में महिला से मंगलसूत्र छीनने वाले आरोपियों को पकड़कर करीब 4 लाख रुपए का माल बरामद करने वाली टीम को भी पुरस्कार दिया.